# ISC SEMESTER 1 EXAMINATION

## SPECIMEN QUESTION PAPER

## HINDI

***Maximum Marks : 80***

***Time allowed : One and a half hour***

*(Candidates are allowed additional **15 minutes** for **only** reading the paper)*

*The marks intended for questions are given in brackets [ ].*

*Answer questions **1 and 2** in **Section A** and **all** questions from **Section B** from the **three** of the prescribed textbooks.*

***Select the correct option for each of the following questions.***

## SECTION A

### LANGUAGE – 41 Marks

1. **Read the passage given below carefully and answer all the questions that follow, choosing the right option :—**

**निम्नलिखित अवतरण को पढ़कर अन्त में दिए गए सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :—**

बहुत ठण्ड पड़ रही थी। एक किसान रविवार के दिन मीलों चलकर पहाड़ी पर स्थित एक चर्च पर पहुँचा। चर्च का दरवाज़ा बंद था।

किसान ऊँची आवाज़ में बोला, ''अरे कोई है ?''

पादरी बाहर आया, वह किसान को देखकर कुछ हैरान था, ''आज ठण्ड बहुत है, मुझे तो उम्मीद ही नहीं थी कि आज की प्रार्थना में कोई आएगा, इसीलिए मैंने भी कोई तैयारी नहीं की, अब सिर्फ एक आदमी के लिए इतना सबकुछ करना ठीक रहेगा क्या.... क्यों ना हम आज पूजा रहने दें और अपने घरों में जाकर आराम करें ?'', पादरी बोला।

''साहब, मैं तो एक साधारण सा किसान हूँ, मैं रोज सुबह कबूतरों को दाना डालने जाता हूँ, और अगर एक कबूतर भी होता है तो मैं उसे दाना ज़रूर खिलाता हूँ।'' किसान बोला।

पादरी यह सुनकर थोड़ा शर्मिंदा हुआ, और उसने मन ही मन ईश्वर से क्षमा माँगी और प्रार्थना में जुट गया, पहले उसने सारी टेबल-कुर्सियाँ साफ़ कीं, हर एक टेबल पर ले जाकर बाइबिल रखी, मोमबत्तियाँ जलाईं और पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

3-4 घंटे बाद प्रार्थना खत्म हुई, पादरी ने किसान को धन्यवाद दिया कि उसने उसे अपना कर्तव्य याद दिलाया।

किसान कुछ नहीं बोला और उठ कर जाने लगा। इस पर पादरी ने पूछा, "क्या हुआ, प्रार्थना में कोई कमी रह गयी क्या ?"

किसान बोला, "मैं क्या बताऊँ पादरी साहब; मैं तो एक साधारण किसान हूँ, लेकिन जब मैं कबूतरों को दाना डालने जाता हूँ, और अगर एक ही कबूतर आता है तो मैं सारे दाने उसी को नहीं खिला देता।"

पादरी को एक बार फिर एहसास हुआ कि सिर्फ अपना कर्त्तव्य निभाना ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि परिस्थिति के हिसाब से खुद को ढालना भी आवश्यक है, उसे चाहिए था कि सिर्फ एक आदमी के हिसाब से तैयारी करके प्रार्थना शुरू कर देता, जबकि वो तमाम लोगों के हिसाब से तैयारी में जुट गया।

**गद्यांश के आधार पर सही उत्तर चुनिए :—**

(i) चर्च का दरवाजा क्यों बन्द था ? [1]
- (a) उस दिन रविवार था
- (b) चर्च में कोई आता-जाता नहीं था
- (c) चर्च पहाड़ी पर स्थित था
- (d) इनमें से कोई नहीं

(ii) पादरी किसान को देखकर क्यों हैरान था ? [1]
- (a) किसान के पहाड़ी पर चढ़ने के कारण
- (b) किसान रविवार को भी आ गया था
- (c) ठण्ड में भी वह प्रार्थना करने आया था
- (d) उपर्युक्त सभी

(iii) 'हैरान' की जगह उपयुक्त समानार्थी शब्द चुनिए : [1]
- (a) अचम्भा
- (b) अचम्भित
- (c) आश्चर्य
- (d) विस्मय

(iv) पादरी को ऐसा क्यों लग रहा था कि आज चर्च में कोई नहीं आएगा ? [1]
- (a) रविवार को चर्च नहीं खुलता था
- (b) उस दिन ठण्ड बहुत थी
- (c) पहाड़ी की चढ़ाई चढ़ना मुश्किल था
- (d) पादरी अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाह था

(v) "क्यों न हम आज पूजा रहने दें और अपने घरों में जाकर आराम करें ?"

(a) पादरी ने ऐसा क्यों कहा ? [1]

(1) पादरी आलसी था

(2) उसे आज छुट्टी चाहिए थी

(3) उसे बहुत ठंड लग रही थी

(4) उसने प्रार्थना की तैयारी नहीं की थी

(b) इससे पादरी की किस चारित्रिक विशेषता का पता चलता है ? [1]

(1) वह कर्त्तव्यनिष्ठ था

(2) वह वाचाल था

(3) वह कामचोर था

(4) इनमें से कोई नहीं

(vi) पादरी ने पूजा अर्चना के लिए जो तैयारी की, उसमें कौन सा क्रम गलत है ? [1]

(a) उसने सारी टेबल-कुर्सियाँ साफ़ की

(b) मोमबत्तियाँ जलाईं

(c) हर एक टेबल पर ले जाकर बाइबिल रखी

(d) इनमें से कोई भी नहीं

(vii) किसान ने ऐसा क्यों कहा कि मैं तो एक साधारण किसान हूँ ? [1]

(a) वह बहुत ही विनम्र था

(b) उसे किसानी के अलावा कुछ नहीं आता था

(c) पादरी पर और ज्ञान में उससे कहीं आगे था

(d) पादरी को शर्मिंदा करने के लिए

(viii) "अगर एक कबूतर भी होता है तो मैं उसे दाना ज़रूर खिलाता हूँ।"

(a) किसान ने ऐसा क्यों कहा ? [1]

(1) कबूतर को दाना खिलाना उसका फर्ज़ था

(2) किसान बहुत मेहनती था

(3) किसान अपने नियम का पक्का था

(4) कबूतरों को दाना खाना पसन्द था

(b) कबूतरों को दाना खिलाने से किसान के स्वभाव के किस पक्ष का पता चलता है ? [1]

(1) परोपकारिता

(2) आत्माभिमान

(3) दृढ़ निश्चय

(4) दिखावा

(ix) पादरी किसान की बात से क्यों शर्मिंदा हुआ ? [1]

(a) पादरी ने पूजा अर्चना की तैयारी में देर कर दी थी

(b) वह एक व्यक्ति के लिए पूजा की तैयारी नहीं करना चाहता था

(c) वह अपने कर्म के प्रति ईमानदार नहीं था

(d) इनमें से कोई नहीं

(x) 'शर्मिंदा' की जगह अन्य किस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है ? [1]

(a) लज्जा

(b) लज्जित

(c) शर्म

(d) हया

(xi) पादरी ने ईश्वर से क्षमा क्यों माँगी ? [1]

(a) क्षमा माँगना उसका धर्म था

(b) किसाने से उससे कहा था

(c) पादरी बहुत शर्मिंदा था

(d) अपने कर्त्तव्य से विमुख होने के कारण

(xii) ईश्वर से क्षमा क्यों माँगी जाती है ? [1]

(a) अपनी गलती के प्रायश्चित के लिए

(b) नर्क में जाने से बचने के लिए

(c) स्वर्ग पाने के लिए

(d) ईश्वर के प्रकोप से बचने के लिए

(xiii) "मैं सारे दाने एक कबूतर को नहीं खिलाता।" इसके पीछे क्या भाव है ? [1]

(a) एक कबूतर सारे दाने नहीं खा सकता

(b) इससे दाने बर्बाद हो जाते हैं

(c) तैयारी स्थिति देखकर करनी चाहिए

(d) समय देखकर तैयारी करनी चाहिए

(xiv) पादरी ने किसान को धन्यवाद क्यों दिया ? [1]

(a) किसान ने उसे गलती का अहसास कराया था

(b) किसान ने पूजा की तैयारी में उसकी मदद की थी।

(c) उसने पादरी को उसका कर्त्तव्य याद दिलाया था

(d) उपर्युक्त सभी

(xv) धन्यवाद देने के पीछे पादरी का कौनसा भाव था ? [1]

(a) शर्मिंदगी का

(b) कृतज्ञता का

(c) विनम्रता का

(d) उपर्युक्त सभी

(xvi) पादरी को ये एहसास कब हुआ कि सिर्फ अपना कर्त्तव्य निभाना ही जरूरी नहीं है ? [1]

(a) पूजा में बहुत देर लगने के बाद

(b) किसान जब बिना कुछ बोले जाने लगा

(c) तमाम लोगों के हिसाब से तैयारी करने के बाद

(d) सारे दाने एक कबूतर को न खिलाने के बात पर

(xvii) किसान के अनुसार प्रार्थना में क्या कमी रह गयी थी ? [1]

(a) प्रार्थना के लिए बहुत देर लगी थी

(b) पादरी ने कोई तैयारी नहीं की थी

(c) तैयारी में अनावश्यक समय लगाया था

(d) मोमबत्तियाँ नहीं जलाईं गई थीं

(xviii) परिस्थिति के अनुसार खुद को ढालना क्यों जरूरी है ? [1]

(a) समय बचाने के लिए

(b) कार्य जल्दी खत्म करने के लिए

(c) सही ताल-मेल बैठाने के लिए

(d) इनमें से कोई नहीं

(xix) 'परिस्थिति' की जगह अन्य किस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है ? [1]

(a) हाल

(b) हालत

(c) हालात

(d) दशा

(xx) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या हो सकता है ? [1]

(a) किसान की सीख

(b) पादरी की गलती

(c) किसान का अहंकार

(d) पादरी का प्रायश्चित

(xxi) इनमें से कौनसा शब्द सही है ? [1]

(a) अतिआवश्यक

(b) अत्यावश्यक

(c) अत्यावशयक

(d) अतियावश्यक

(xxii) 'विधि-विधान' का सही अर्थ चुनिए : [1]

(a) नियम-कानून

(b) नियम-कायदा

(c) तौर-तरीका

(d) इनमें से सभी

(xxiii) 'अर्चना' का सही अर्थ चुनिए : [1]

(a) पूजा

(b) वंदना

(c) उपासना

(d) उपर्युक्त सभी

2. **निर्देशानुसार सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :—**

(i) शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए -

(a) (1) यद्यपि उसने कड़ी मेहनत की परन्तु वह पास न हो सका। [1]

(2) यद्यपि उसने कड़ी मेहनत की फिर भी वह पास न हो सका।

(3) यद्यपि उसने कड़ी मेहनत की तथापि वह पास न हो सका।

(4) कड़ी मेहनत करने के बावजूद भी वह पास न हो सका।

(b) (1) नियमित रूप से व्यायाम करने से शरीर निरोगी रहता है। [1]

(2) नियमित रूप से व्यायाम करने से शरीर नीरोग रहता है।

(3) नियमित रुप से व्यायाम करने से शरीर स्वास्थ्य रहता है।

(4) नियमित रुप से व्यायाम करने से शरीर आरोग्य रहता है।

(c) (1) वन में प्रात:काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता है। [1]

(2) वन में प्रात:काल के समय बहुत ही सुहावना दृश्य होती है।

(3) वन में प्रात:काल के समय बहुत ही मनोहारिणी दृश्य होता है।

(4) वन में प्रात:काल की सुबह का दृश्य बहुत ही सुन्दर होता है।

(ii) किस वाक्य में मुहावरे का गलत प्रयोग है ? [1]

(a) स्वार्थी मित्र काम निकलते ही आँखें फेर लेते हैं।

(b) शिवाजी औरंगजेब की आँखों का तारा थे।

(c) जरा सी बात को तिल का ताड़ मत बनाओ।

(d) जानते हो न कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती।

(iii) रिक्त स्थान के लिए सटीक मुहावरा चुनिए : [1]

(a) जब बहुत मेहनत करने के बाद भी मनोनुकूल परिणाम नहीं मिलता तो ......... स्वाभाविक ही है।

(1) हौसला पस्त होना

(2) हतोत्साहित होना

(3) हौसला टूट जाना

(4) उत्साह न दिखाई देना

(b) रमाकांत की बेटी ने अंतर्जातीय विवाह किया तो सारे गाँव के लोगों ने उसका ............ दिया। [1]

(1) जाति से बाहर बेदखल कर देना

(2) खाना पानी बंद करना

(3) हुक्का पानी बंद करना

(4) जाति से बाहर कर देना

(iv) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताइए : [1]

''सिर से पानी गुज़र जाना''

(a) अच्छी चीज़ का और अच्छा हो जाना

(b) बाढ़ आ जाना

(c) सहनशीलता की सीमा टूट जाना

(d) अपमान सहन कर लेना

(v) 'सोच-विचार करना' के लिए सटीक मुहावरा चुनिए : [1]

(a) अक्ल पर पत्थर पड़ना

(b) अक्ल के घोड़े दौड़ना

(c) अक्ल का दुश्मन

(d) अक्ल का पुतला

(vi) किस वाक्य में पुनरूक्ति दोष है ? [1]

(a) गलती दरअसल में मेरी थी

(b) मेरे समझाने के बावजूद भी तुम नहीं माने

(c) अपराधी को मृत्युदंड की सजा दी गई

(d) उपर्युक्त सभी में

(vii) जीवन और साहित्य का घोर संबंध है। इस वाक्य में कौन-सा दोष है ? [1]

(a) संज्ञा सम्बन्धी अशुद्धि

(b) सर्वनाम सम्बन्धी अशुद्धि

(c) विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि

(d) वचन सम्बन्धी अशुद्धि

(viii) अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए : [1]

(a) वह मरकर अमर हो गया

(b) संतों की संगति करनी चाहिए

(c) शत्रु ने हथियार डाल दिए

(d) इनमें से कोई नहीं

(ix) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए : [1]

(a) तुम कक्षा में आते हो

(b) तो तुम्हारी पुस्तक

(c) साथ क्यों नहीं लाते ?

(d) कोई त्रुटि नहीं

(x) वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन कीजिए : [1]

(a) राजा दशरथ को

(b) चार पुत्र राम,

(c) लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न

(d) पैदा हुए थे

(xi) इनमें से सही मुहावरा पहचानिए :

(a) (1) दुविधा में दोनों गए, माता मिली न श्याम [1]

(2) दुविधा में दोनों गए, माया मिली न घनश्याम

(3) दुविधा में दोनों गए, माया मिली न राम

(4) दुविधा में दोनों गए, मीरा मिली न घनश्याम

(b) (1) भगवान के घर देर है सबेर नहीं [1]

(2) भगवान के घर अंधेर है देर नहीं

(3) भगवान के घर देर है अंधेर नहीं

(4) भगवान के घर देर है अंधेरा नहीं

(c) (1) वे दस-बारह पशु उठा ले गए [1]

(2) वे दस-बारह पशु उड़ा ले गए

(3) वे दस-बारह पशु हांक ले गए

(4) वे दस-बारह पशु पकड़ ले गए

## SECTION B

## PRESCRIBED TEXTBOOKS – 39 Marks

*Answer **all** questions from **the three** of the prescribed textbooks.*

## गद्य संकलन (Gadya Sanklan)

1. प्रेमचन्द को किस उपनाम से जाना जाता था ? [1]

(a) कलम के सिपाही

(b) उपन्यास सम्राट

(c) कथाशिल्पी

(d) उपर्युक्त सभी

2. बाबू चैतन्यदास ने अपने बेटे का अंतिम संस्कार किस घाट पर किया था ? सही विकल्प चुनिए : [1]

(a) मणीकर्णिका

(b) मनीकर्निका

(c) मनिकर्निका

(d) मणिकर्णिका

3. इस उदारता के प्रकाश में चैतन्यदास को अपने .................. अत्यन्त भयंकर दिखायी देती थी। [1]

(a) हृदय-हीनता

(b) भौतिकता

(c) आत्मशून्यता

(d) उपर्युक्त सभी

4. गौरी स्वभाव से कैसी थी ? सही क्रम चुनिए : [1]

(a) दृढ़ निश्चयी, निर्भीक, स्पष्टवादी

(b) आत्मनिर्भर, हठीली, निर्भीक

(c) निर्भीक, दृढ़ निश्चयी, हठीली

(d) हठीली, निर्भीक, दृढ़ निश्चयी

5. सीताराम जी के संबंध में कौनसा तथ्य गलत है ? [1]

(a) वे एक कांग्रेसी कार्यकर्ता थे

(b) उनके दो बच्चे थे

(c) उनकी तनख्वाह 50 रुपए थी

(d) वे बी.ए. पास थे

6. नायब तहसीलदार की उम्र कितनी थी ? [1]

(a) 25-26 साल

(b) 24-25 साल

(c) 23-24 साल

(d) 26-27 साल

7. कौन-सा वाक्य क्रमानुसार सही नहीं है ? [1]

(a) सत्याग्रह आन्दोलन की लहर फैल गई

(b) कहीं लाठी चार्ज

(c) कहीं धारा 144

(d) गिरफ्तारियों का ताँता-सा लग गया

8. ''भाई आफत सबसे ऊपर आती है। मनुष्य-मनुष्य को सहारा देता है।'' किसने, किससे कहा ? [1]

(a) ठाकुर ने रज्जब से

(b) रज्जब ने ठाकुर से

(c) रज्जब ने गाड़ीवान से

(d) रज्जब ने गाँववालों से

9. ठाकुर के मकान को लोग आदर से क्या कहते थे ? [1]

(a) पौर

(b) गढ़ी

(c) गढ़

(d) महल

10. अर्ध कुम्भ का मेला कब लगता है ? [1]

(a) पौष महीने में

(b) माघ महीने में

(c) चैत्र महीने में

(d) सावन के महीने में

11. मदालसा पानदान में कैसा पान लेकर उतरी ? [1]

(a) बनारसी पान

(b) मघई पान

(c) इलायची पान

(d) मैन सुपारी पान

12. मराठी महिला को क्या उपनाम दिया गया था ? [1]

(a) स्वल्पभाषिणी

(b) सुन्दरी प्रौढ़ा

(c) मोनालिसा

(d) मिसेज वनोलकर

13. ''हमको तो इसका यह स्क्रू ढीला लगता है ? यह कथन किसने कहा ? [1]

(a) पंजाबी महिला ने

(b) लेखिका ने

(c) मराठी महिला ने

(d) उपर्युक्त सब ने

## काव्य मंजरी (Kavya Manjari)

1. कबीरदास जी किस काव्यधारा के कवि थे ? [1]
   (a) निर्गुण भक्ति की प्रेमाश्रयी शाखा
   (b) निर्गुण भक्ति की कृष्णाश्रयी शाखा
   (c) सगुण भक्ति की रामाश्रयी शाखा
   (d) निर्गुण भक्ति की ज्ञानाश्रयी शाखा
2. कबीरदास जी की रचनाओं का संग्रह क्या कहलाता है ? [1]
   (a) साखी
   (b) सबद
   (c) रमैनी
   (d) बीजक
3. "पीछे लागा जाई था लोक वेद के साथि।" इसके बाद वाली सही पंक्ति चुनिए : [1]
   (a) आगे थे सतगुरु मिलिया, दीपक दीया हाथि
   (b) आगैं थैं सतगुरु मिल्या, दीपक दीया हाथि
   (c) आगे थे सतगुरु मिलया, दीपक दीना हाथि
   (d) आगे से सतगुरु मिलिया, दीपक दिया हाथि
4. सूरदास किस रस के सम्राट माने जाते थे ? [1]
   (a) वात्सल्य एवं वीर रस
   (b) वात्सल्य एवं श्रृंगार रस
   (c) वात्सल्य एवं रौद्र रस
   (d) वात्सल्य एवं शांत रस
5. बलवीर को और किन-किन नामों से पुकारा जाता था ? [1]
   (a) बलभद्र
   (b) हलधर
   (c) बलराम
   (d) उपर्युक्त सभी
6. 'चबाई' शब्द का क्या अर्थ है ? [1]
   (a) दुष्ट
   (b) चुगलखोर
   (c) चापलूस
   (d) चाटूकार

7. दीप-धूल से क्या आच्छादित था ? [1]

(a) मंदिर का द्वार

(b) मंदिर का आँगन

(c) मंदिर का आहाता

(d) मंदिर का सिंहपौर

8. छोटी-सी बच्ची को ग्रसने, ............ आया। पंक्ति पूरी कीजिए। [1]

(a) कितना घना तिमिर

(b) कितना बड़ा तम

(c) कितना घना अँधेरा

(d) कितना बड़ा तिमिर

9. पिता अंतिम बार अपनी बेटी को गोद में क्यों नहीं ले सका ? [1]

(a) लोगों ने उसे मुक्के घूँसे मार कर गिरा दिया था

(b) उसके हाथों से प्रसाद बिखर गया था

(c) पिता की मृत्यु हो गई थी

(d) बेटी की मृत्यु हो गई थी

10. 'पापी ने मंदिर में घुसकर किया अनर्थ बड़ा भारी' - पंक्ति के अनुसार कौनसा प्रसंग अनुचित है ? [1]

(a) उसने साफ-सुथरे कपड़े पहने थे

(b) अछूतों का मंदिर में आना मना था

(c) उसने मंदिर कलुषित कर दिया था

(d) मंदिर की शुचिता में दाग लगा दिया था

11. कवि ने भू के अंचल में क्या बाँध दिया ? [1]

(a) सेम के बीज

(b) रत्न-जवाहरात

(c) मणि-माणिक

(d) कलदार रुपये

12. कवि ने धरती में कैसे बीज बोने के लिये कहा ? सही क्रम चुनिए। [1]

(a) समता, ममता, क्षमता

(b) क्षमता, समता, ममता

(c) ममता, समता, क्षमता

(d) समता, क्षमता, ममता

13. 'सुन्दर लगते थे मावस के हँसमुख नभ-से' - यहाँ 'मावस' का अर्थ क्या है ? [1]

(a) पावस

(b) अमावस

(c) मधुमास

(d) इनमें से कोई नही

## सारा आकाश (Saara Akash)

1. 'सारा आकाश' उपन्यास पहले किस नाम से छपा था ? सही विकल्प चुनिए। [1]

(a) प्रेत घूमते हैं

(b) प्रेत भूलते हैं

(c) प्रेत बोलते हैं

(d) भूत बोलते हैं

2. समर को मिलाकर कुल कितने भाई थे ? आयु के क्रम से सही विकल्प चुनिए। [1]

(a) समर, अमर, धीरज, कुँवर

(b) धीरज, समर, अमर, कुँवर

(c) धीरज, अमर, कुँवर, समर

(d) धीरज, कुँवर, समर, अमर

3. ''काश उस समय पन्द्रह दिन को ही कहीं ............. कहीं भी भाग गया होता।'' सही क्रम चुनिए। [1]

(a) पूना-हरिद्वार, बंबई-कलकत्ता

(b) हरिद्वार-पूना, कलकत्ता-बंबई

(c) कलकत्ता-बंबई, पूना-हरिद्वार

(d) कलकत्त-बंबई, पूना-हरिद्वार

4. "कहे क्या चंदन शादी के तो सारे हौंसले मर गए"—वाक्य में वक्ता कौन है ? [1]

(a) मुन्नी

(b) प्रभा

(c) समर

(d) अम्मा

5. "क्या-क्या अरमान थे, सब पर पानी फिर गया ?"-ये कथन किसने, किससे कहा ? [1]

(a) भाभी ने समर से

(b) भाभी ने प्रभा से

(c) भाभी ने अपने पति से

(d) अम्मा ने भाभी से

6. 'देश को साहसी और कर्मठ युवकों की जरूरत का नारा देनेवाला यह युवक भी अब चौपाया हो गया है'- पंक्ति का भाव क्या है ? [1]

(a) वह पालतू हो गया

(b) उसे चार पैर हो गए

(c) वह गृहस्थी के बंधन में बँध गया

(d) वह अकर्मण्य हो गया

7. मुन्नी के पति के आने पर परिवार वाले हैरान थे। इनमें से कौनसा विकल्प प्रसंग के अनुसार सही नहीं है ? [1]

(a) उसने दो-ढ़ाई साल से मुन्नी की खबर नहीं ली थी

(b) बाबूजी के बीसियों पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया था

(c) उसने एक रखैल रखी हुई थी

(d) बिरादरी का प्रभाव भी उसे हिला नहीं सका था

8. प्रभा छत पर बैठी क्यों रो रही थी ? प्रसंग के अनुसार कौनसा विकल्प सही नहीं है ? [1]

(a) वह समर के व्यवहार से आहत थी

(b) समर ने एक साल से उससे बात न की थी

(c) समर ने जोर से उसे चाँटा मारा था

(d) माँ ने उसके चरित्र पर लांछन लगाया था

9. समर किस प्रसंग में प्रभा से यह कहना चाहता था कि 'कहो बच्चीजी, अब कैसा लग रहा है!' [1]

(a) प्रभा के चेहरे पर थकान देखकर

(b) उसके व्यवहार में अनिच्छा देखकर

(c) उसे कष्ट में देखकर

(d) उपर्युक्त सभी

10. समर और प्रभा में बातचीत न होने का क्या कारण था ? सही विकल्प चुनिए। [1]

(a) समर में पौरुष अहम् था

(b) प्रभा पढ़ी-लिखी थी

(c) दोनों के बीच गलतफहमी पैदा हो गई थी

(d) भाभी ने उसको भड़काया था

11. निम्नलिखित में से किस पात्र की विशेषताएं उनसे मेल नहीं खातीं। सही विकल्प चुनिए : [1]

(a) समर–महत्वकांक्षी

(b) दिवाकर–सच्चा मित्र

(c) धीरज–दब्बू

(d) बाबूजी–गुस्सैल

12. निम्नलिखित में से किस पात्र की विशेषताएं उनसे मेल नहीं खातीं। सही विकल्प चुनिए : [1]

(a) भाभी–सहनशील नारी

(b) प्रभा–पढ़ी-लिखी

(c) मुन्नी–उत्पीड़ित नारी

(d) अम्मा–पारम्परिक सास

13. पहली बार बात की और वह भी .........से! [1]

रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए :

(a) गुस्से

(b) तमाचे

(c) थप्पड़

(d) घृणा

## आषाढ़ का एक दिन (Aashad Ka Ek Din)

1. 'आषाढ़ का एक दिन नाटक' –कालिदास की किस रचना से संबंधित है ? [1]

(a) अभिज्ञान शकुन्तलम्

(b) ऋतु-संहार

(c) मेघदूत

(d) कुमारसम्भव

**उक्त कथन किसने, किससे कहा ?**

2. "हम पहले से सुखी हैं। हमारी पीड़ा धीरे-धीरे दूर हो रही है।" [1]

   (a) अम्बिका ने मल्लिका से

   (b) कालिदास ने मल्लिका से

   (c) कालिदास ने दन्तुल से

   (d) कालिदास ने हरिणशावक से

3. "सम्राट ने स्वयं 'ऋतु-संहार' पढ़ा और उसकी प्रशंसा की है।" [1]

   (a) मातुल ने मल्लिका से

   (b) वररूचि ने मातुल से

   (c) दन्तुल ने मल्लिका से

   (d) निक्षेप ने मल्लिका से

4. "वह व्यक्ति आत्म-सीमित हैं। संसार में अपने सिवा उसे और किसी से मोह नहीं है।" [1]

   (a) विलोम ने मल्लिका से

   (b) निक्षेप ने मल्लिका से

   (c) अम्बिका ने मातुल से

   (d) अम्बिका ने मल्लिका से

5. "कालिदास अपनी भावुकता में भूल रहे है कि इस अवसर का तिरस्कार करके वे बहुत कुछ खो बैंठेंगे।" [1]

   (a) मल्लिका ने मातुल से

   (b) मातुल ने मल्लिका से

   (c) अम्बिका ने निक्षेप से

   (d) निक्षेप ने अम्बिका से

6. आचार्य वररुचि के साथ कुछ अन्य लोग भी आए है। सही क्रम चुनिए : [1]

   (a) चार रथ, रथवाह और दो अश्वारोही

   (b) चार अश्वारोही, रथवाह और दो रथ

   (c) रथवाह, चार अश्वारोही और दो रथ

   (d) दो रथ, रथवाह और चार अश्वारोही

7. "मैं राजकीय मुद्राओं से क्रीत होने के लिए नहीं हूँ"-पंक्ति का अर्थ क्या है ? [1]

(a) मैं किसी का गुलाम नहीं हूँ

(b) मुझे राजकीय मुद्राएँ नहीं चाहिए

(c) मैं राजकीय मुद्राओं से खरीदा हुआ नहीं हूँ

(d) मुझे कोई खरीद नहीं सकता

8. आप यहाँ इस समय एक अनचाहे अतिथि के रूप में उपस्थित है। रेखांकित शब्द की जगह सही विकल्प चुनिए : [1]

(a) बिनचाहे

(b) अयाचित

(c) मनचाहे

(d) अवांछित

9. "हम कोमल आस्तरण पर विश्राम करेंगे।" रेखांकित शब्द की सही अर्थ चुनिए : [1]

(a) बिछौना

(b) पलंग

(c) शय्या

(d) सेज

10. रिक्त स्थान के लिए सही विकल्प चुनिए। [1]

............. से कोई आचार्य आए है।

(a) उज्जयनी

(b) उज्जैनी

(c) उज्जयिनी

(d) उजयिनी

11. "मैं विलोम, दूसरों के जीवन में .......... प्रवेश कर जाता हूँ।" [1]

(a) अनाधिकार

(b) अनधिकार

(c) अनअधिकार

(d) अधिकारपूर्वक

12. मैं वास्तव में अपनी भावना से प्रेम करती हूँ जो ..........., ..........., ........। [1]

रिक्त स्थान के लिए सही क्रम चुनिए।

(a) कोमल है, पवित्र है, अनश्वर है

(b) पवित्र है, अनश्वर है, कोमल है

(c) पवित्र है, कोमल है, अनश्वर है

(d) इनमें से कोई नहीं

13. कालिदास किन सूत्रों से ग्राम-प्रान्तर से जुड़ा हुआ है ? [1]

(a) उनमें मल्लिका एक सूत्र है

(b) आकाश, मेघ और हरियाली है

(c) हरिणों के बच्चे और पशुपाल है

(d) उपर्युक्त सभी